भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

विषयः-मुख्यमंत्री, आन्ध्रप्रदेश द्वारा कड़पा हवाई अड्डे का उद्घाटन।

नई दिल्ली 10 जून, 2015 :- श्री नारा चन्द्रबाबू नायडू, माननीय मुख्यमंत्री आन्ध्र प्रदेश ने 7/6/2015 को कड़पा हवाई अड्डे का औपचारिक उद्घाटन किया तथा श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय नागर विमानन मंत्री ने उदघाटन समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री, संसद सदस्य तथा आन्ध्र प्रदेश विधानसभा के सदस्य भी उपस्थित थे।

बेंगलूरु आधारित क्षेत्रीय एयरलाइंस एयर पैगासस ने कड़पा - बेंगलुरु क्षेत्र के लिए उड़ान भरकर कड़पा हवाई अड्डे के लिए विमान प्रचालन आरंभ किया 7 जून, 2015 को पहली उड़ान का बेंगलुरु हवाई अड्डे से आरंभ हो कर कड़पा में अवतरण हुआ।

हवाई अड्डे का आरंभ होने से, भारत सरकार की व्यापक वायुयान संपर्कता के अंतर्गत कड़पा शहर का नाम देश के विमान यातायात के नक्शे में शामिल हो गया।

....

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें।

महाप्रबंधक (जनसंपर्क), भाविप्रा 9810025069,011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति सं - 16/2015-16

श्री एन.चन्द्रबाबू नायडू, माननीय मुख्यमंत्री, आन्ध्रप्रदेश कड़पा हवाई अड्डे के उद्घाटन के अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित करते हेए। चित्र में श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री दिखाई दे रहे हैं जिन्होनें कार्यक्रम की अध्यक्षता की । अन्य कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री, श्री एस. रहेजा, सदस्य (योजना), भाविप्रा भी चित्र में दिखाई दे रहे हैं।